7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 19 संस्करण : उत्तर प्रदेश | उत्तराखंड | हिमाचल | जम्मू-कश्मीर | दिल्ली | हरियाणा | पंजाब | चंडीगढ़

अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 15 जनवरी 2018
amarujala.com

PAGE NO- 7. MIDDLE

इंडियन सीनियर बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वालीफाइंग मुकाबले आज से

बरेली। डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से डॉ. अखिलेश दास गुप्ता स्मारक इंडियन सीनियर मेजर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार से होगा। पहले दिन क्वालीफाइंग मुकाबले खेले जाएंगे। 285 क्वालीफाइंग मुकाबले होने हैं जो 17 जनवरी तक चलेंगे। 17 जनवरी शाम से ही मुख्य ड्रा के मुकाबले शुरू हो जाएंगे। कुछ मुकाबले डोरीलाल अग्रवाल स्पोर्ट्स स्टेडियम में होंगे तो कुछ मुकाबले एसआरएमएस में होंगे। खिलाड़ियों को ले जाने के लिए स्टेडियम में बस की सुविधा रहेगी। एसोसिएशन के सचिव अनिल मेहरोत्रा ने बताया कि मुकाबले सुबह आठ बजे से ही शुरू हो जाएंगे। इसमें यूपी, राजस्थान, दिल्ली, पंजाब, केरल और तमिलनाडु प्रांत के अलावा पेट्रोलियम कंपनियों, रेलवे, तथा एयर इंडिया के शटलर हिस्सा लेंगे। इनमें डेनियल फरीद, प्रतुल जोशी, अंसल यादव, हर्षित अग्रवाल, शुभम अग्रवाल आदि प्रमुख हैं। पुरुष एकल में 507, पुरुष युगल में 178, महिला एकल में 107, महिला युगल में 32 और मिश्रित युगल में 78 शटलर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।